9

Title: Awarding status of International Airport to Darbhanga Airport and expanding facilities therein.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): सभापति महोदय, उड़ान योजना में दरभंगा एयरपोर्ट को शामिल कर वहां से हवाई यातायात प्रारंभ करने के लिए मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, नव भारत के विश्वकर्मा और विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी को 8 करोड़ मिथिलावासियों की तरफ से अभिनंदन, वंदन और बधाई।

8 नवम्बर, 2020 को इस एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन प्रारंभ हुआ था। मुझे सदन को बताते हुए काफी हर्ष हो रहा है कि सीमित संसाधन के बावजूद उड़ान योजना के अंतर्गत दरभंगा एयरपोर्ट देश का सबसे सफलतम एयरपोर्ट साबित हुआ है।

अभी तक 14 लाख लोग वहां से उड़ान भर चुके हैं। प्रधानमंत्री जी का सपना था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करे, वहां से ऐसा ही हो रहा है। लेकिन वहां काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि दरभंगा एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा दिया जाए और रनवे का काम समय से पूरा किया जाए। नये टर्मिनल का काम अविलंब पूरा किया जाए। 6 एप्रॉन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लाइटिंग के अभाव में वहां 64 फ्लाइट्स कैंसिल हुई, वहां लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

एयरपोर्ट का नामकरण कवि कोकिल बाबा विद्यापति एयरपोर्ट के नाम से किया जाए। बिहार सरकार से 54 एकड़ जमीन अविलंब हस्तांतरित की जाए। वहां जंगली जानवर तबाही मचाये हुए हैं, 400 जंगली जानवरों को वहां से अविलंब हटाया जाए। चारदीवारी को ऊंचा किया जाए। एयरपोर्ट गेट से दिल्ली मोड़ तक राज्य सीसीटीवी सुनिश्चित कराए। वहां का किराया अधिक है, मैं मांग करता हूं कि इसका किराया कम किया जाए। धन्यवाद।